OFFICE OF THE PRINCIPAL
B.K.S.N. GOVERNMENT COLLEGE SHAJAPUR(M.P.)465001
ACCREDITED "B" GRADE BY NAAC

Phone No 07364-227727 E-mail- hegbsnpgcshg@mp.gov.in, bsnshaj1901@gmail.com

क्र/1076/स्था/2024 शाजापुर दिनांक 08/10/2024

//विज्ञप्ति//

महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के माध्यम से संचालित स्ववित्त योजनान्तर्गत बी.बी.ए/बी.सी.ए. पाठ्यक्रमों में अध्यापन कार्य हेतु अतिथि विद्वान के नितांत अस्थाई पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवश्यक अहर्ताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र (संलग्न प्रारूप में) मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल की वेबसाईट पर विज्ञप्ति प्रकाशन से 12 दिवस अथवा 21 अक्टूम्बर 2024 सायं 5 बजे तक सभी मूल प्रमाण–पत्रों की सत्यापित छायाप्रति के साथ कार्यालयीन समय में डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। लिफाफे पर विषय का उल्लेख करना आवश्यक है। निर्धारित समयावधि समाप्ति पश्चात व ई–मेल द्वारा प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम/विषय	पदों की संख्या	न्यूतम अर्हतायें (स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत)	मानदेय प्रतिमाह
2	बी.बी.ए.	02	M.B.A.	15000/-
3	बी.सी.ए.	01	M.C.A, M. Sc Computer Science	15000/-

<u>आवश्यक शर्ते :–</u>

1. उपर्युक्त सभी पद पूर्णतः अस्थायी है एवं सीमित अवधि के लिए है तथा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किये जा सकते है, तथा यह महाविद्यालय की स्थापना के अंतर्गत न होकर लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं माने जावेंगे।
2. सभी आवेदन प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय शाजापुर के नाम से संबोधित किये जावें। आवेदन अपूर्ण अथवा आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति फोटो, फोन नंबर, मोबाईल नंबर संलग्न न होने पर आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जावेगा, जिसकी कोई सूचना पृथक से अभ्यर्थी को नहीं दी जावेगी।
3. अतिथि विद्वानों के प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची व चयन प्रकिया मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल व शैक्षणिक योग्यता यूजीसी द्वारा नियत मापदण्डों के निर्देशानुसार रहेगी। साथ ही कम्प्यूटर विषय के अभ्यर्थियों से कम्प्यूटर पर ऑनलाईन/ऑफलाईन कार्यो के साथ हिंदी अंग्रेजी टाईपिंग कार्य भी संपादित करवायें जायेंगे।
4. बी.सी.ए. हेतु एम.सी.ए अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
5. समकक्ष डिग्री की अहर्ता की मान्यता यूजीसी द्वारा जारी पत्र के आधार पर निर्धारित होगी।
6. पद को कम या ज्यादा करने या न भरने, विज्ञप्ति निरस्त करने, आमंत्रण देने एवं आमंत्रित उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त दायित्वों का निर्वाह संतोषप्रद न होने पर आमंत्रण निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय शाजापुर के पास सुरक्षित रहेगा।
7. यह आमंत्रण केवल सत्र 2024–25 हेतु है, जो 30 अप्रैल 2025 तक मान्य रहेगा।
8. बिना सूचना दिए 15 दिन तक अनुपस्थित रहने पर आमंत्रण स्वतः समाप्त हो जायेगा

प्राचार्य/सचिव
जनभागीदारी समिति शाजापुर
बी.के.एस.एन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर

Principal
B.K.S.N Govt. College
Shajapur (M.P.)

Scanned with OKEN Scanner